24. Eastern Madhya Pradesh Flying and Gliding Club, Ltd., Raipur.

25. Ludhiana Aviation Club, Ludhiana.

पटना स्थित खुदाबख्श ओरियेन्टल पब्लिक लायब्रेरी को वित्तीय सहायता

*1345. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार पटना स्थित खुदाबख्श ओरिएण्टल पब्लिक लायब्रेरी को प्रति वर्ष कितनी वित्तीय सहायता दे रही है ;

(ख) क्या लायब्रेरी की प्रबन्धक समिति में केन्द्रीय सरकार का कोई प्रतिनिधि लिया जाता है ; और

(ग) क्या सरकार ने कभी इसके कार्य की जांच की है और इसके लेखे की परीक्षा की है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय और संस्कृति विभाग में उप-मंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है, जिसमें केन्द्रीय सरकार द्वारा पुस्तकालय को दिए गए हैं वर्षवार अनुदान दिखाये गये हैं ।

(ख) खुदाबख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी अधिनियम, 1969 की धारा 5 (1) (घ) के अधीन, केन्द्रीय सरकार द्वारा खुदाबख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड में चार व्यक्ति मनोनीत किए गए हैं ।

(ग) जी, नहीं । पुस्तकालय के लेखे नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक द्वारा अथवा उसके द्वारा इस बाबत नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जांचे जाते हैं जैसा कि खुदाबख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी अधिनियम, 1969 की धारा 21 की उप-धारा (2) में व्यवस्था है ।

विवरण

वर्ष	केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई अनुदान की राशि (रुपयों में)
1962-63	16,000
1963-64	50,500
1964-65	20,000
1965-66	42,000
1966-67	58,000
1967-68	94,570
1968-69	97,579
1969-70	1,24,700
1970-71	1,38,300
1971-72 (ब० प्रा०)	1,50,000

खुदाबख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी को दिए गए उपर्युक्त अनुदानों के अतिरिक्त, पुस्तकालय के भवन में परिवर्धन तथा रद्दोबदल करने के लिए 1,25,400 रुपये की राशि और दी गई (1965-66 में 30,000 रु० की राशि, 1966-67 में 58,000 रु० की राशि और 1968-69 में 37,400 रु० की राशि) ।

नगर प्रतिकर भत्ते के भुगतान के लिए नगरों का दर्जा बढ़ाया जाना

*1346. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडे** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नगर प्रतिकर भत्ते के प्रयोजन के लिए जिन राज्यों का दर्जा हाल ही में बढ़ाया गया है उनके नाम क्या हैं ; और

(ख) इसके फलस्वरूप कितने कर्मचारियों को लाभ पहुंचेगा ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश): (क) लखनऊ, नागपुर, अमृतसर, शोलापुर, कोयम्बटूर जबलपुर, इंदौर और पटना ।